## प्रश्नकोश

**1. निम्नलिखित सल्तनत शासकों में से कौन अफगान मूल के थे?**

(a) खिलजी (b) तुगलक

(c) सैय्यद (d) लोदी

**U.P.P.C.S (Mains) 2016**

**उत्तर–(d)**

दिल्ली सल्तनत में लोदी वंश के शासक अफगान मूल के थे। लोदी वंश की स्थापना बहलोल लोदी ने 1451 ई. में किया था। इस वंश का शासनकाल 1451-1526 ई. तक रहा। अंतिम लोदी शासक इब्राहिम लोदी था जिसको 1526 ई. में पानीपत के युद्ध में पराजित करके बाबर ने मुगल वंश की स्थापना किया था।

**2. दिल्ली की राजगद्दी पर अफगान शासकों के शासन का निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही कालानुक्रम है?**

(a) सिकंदर शाह – इब्राहिम लोदी – बहलोल खान लोदी

(b) सिकंदर शाह – बहलोल खान लोदी – इब्राहिम लोदी

(c) बहलोल खान लोदी – सिकंदर शाह – इब्राहिम लोदी

(d) बहलोल खान लोदी – इब्राहिम लोदी – सिकंदर शाह

**I.A.S. (Pre) 2006**

**उत्तर–(c)**



Scanned with OKEN Scanner

उपर्युक्त अफगान शासकों का दिल्ली की राजगद्दी पर बैठने का सही कालानुक्रम निम्न प्रकार है–(i) बहलोल खान लोदी (1451-1489 ई.),(ii) सिकंदर लोदी (1489-1517 ई.), (iii) इब्राहिम लोदी (1517-1526 ई.) अत: स्पष्ट है कि विकल्प (c) सही उत्तर है।

**3. दिया गया मानचित्र किस लोदी सुल्तान से संबंधित है और मानचित्र में A से चिह्नित स्थान किस नगर को निरूपित करता है?**




(a) बहलोल लोदी, जौनपुर
(b) सिकंदर लोदी, अलीगढ़
(c) इब्राहिम लोदी, जौनपुर
(d) इब्राहिम लोदी, अलीगढ़

**I.A.S. (Pre) 1999**

**उत्तर–(a)**

दिया गया मानचित्र बहलोल लोदी का साम्राज्य इंगित करता है। इसमें 'A' से जौनपुर नगर चिह्नित है। जौनपुर को 'सिराज-ए-हिंद' कहा जाता था।

**4. महाराणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को किस युद्ध में परास्त किया था?**

(a) खातोली का युद्ध (b) सारंगपुर का युद्ध
(c) सिवाना का युद्ध (d) खानुआ का युद्ध

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 2012**

**उत्तर–(a)**

1518 ई. में महाराणा सांगा और इब्राहिम लोदी के मध्य खातोली (खतोली) का युद्ध हुआ। इस युद्ध में इब्राहिम लोदी पराजित हुआ था।

**5. निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने एक नगर बसाया जहां अब आगरा है?**

(a) मुहम्मद बिन तुगलक (b) फिरोज तुगलक
(c) बहलोल लोदी (d) सिकंदर लोदी

**44th B.P.S.C. (Pre) 2000**
**U.P.P.C.S. (Pre) 1993**

**उत्तर–(d)**

1504 ई. में सिकंदर लोदी ने राजस्थान के शासकों पर नियंत्रण के ध्येय से यमुना नदी के किनारे आगरा नामक नवीन नगर बसाया और इसे अपनी राजधानी बनाया। उसने कृषि और व्यापार की उन्नति के लिए प्रयत्न किया। नाप का पैमाना 'गज-ए-सिकंदरी' उसी के समय में आरंभ किया गया। वह 'गुलरुखी' उपनाम से कविताएं लिखता था।

**6. किस मध्ययुगीन सुल्तान को आगरा शहर की नींव डालने एवं उसे सल्तनत की राजधानी बनाने का श्रेय जाता है?**

(a) इल्तुतमिश
(b) मोहम्मद बिन तुगलक
(c) फिरोजशाह तुगलक
(d) सिकंदर लोदी

**U.P.P.C.S. (Mains) 2008**
**U.P.P.C.S. (Mains) 2011**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. आगरा नगर की स्थापना किस शासक ने की?**

(a) सिकंदर लोदी (b) अकबर
(c) फिरोज तुगलक (d) शाहजहां

**Chhattisgarh P.S.C. (Pre) 2018**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. निम्न में से किसने 'गुलरुखी' उपनाम से अपनी कविताओं की रचना की?**

(a) फिरोजशाह तुगलक (b) बहलोल लोदी
(c) सिकंदर लोदी (d) इब्राहिम लोदी

**U.P.P.C.S. (Mains) 2015**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**9. निम्नलिखित में से किसने आगरा की स्थापना की थी?**

(a) बलबन ने (b) बहलोल लोदी ने
(c) सिकंदर लोदी ने (d) फिरोज तुगलक ने

**U.P.P.C.S. (Pre) 2011**
**U.P. P.C.S. (Pre) 2004**
**U.P. U.D.A./L.D.A. (Mains) 2010**
**U.P.P.C.S. (Mains) 2005**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।



Scanned with OKEN Scanner

10. निम्नलिखित सुल्तानों में से कौन अन्न के ऊपर कर समाप्त करने के लिए जाना जाता है?

(a) अलाउद्दीन खिलजी

(b) गियासुद्दीन तुगलक

(c) फिरोज तुगलक

(d) सिकंदर लोदी

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl.) (Pre) 2010**

**उत्तर–(d)**

सिकंदर लोदी ने भूमि के मापन के लिए एक समान गज का प्रचलन किया जो 'गज-ए सिकंदरी' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस गज का प्रयोग कालांतर में शेरशाह तथा अकबर (प्रारंभ से 31 वर्ष तक) ने अपने शासनकाल में किया। सुल्तान सिकंदर लोदी ने अनाज से जकात (संपत्ति कर) समाप्त कर दिया। सभी इतिहासकार उसके शासनकाल में सल्तनत की समृद्धि का वर्णन करते हैं।

**11. निम्नलिखित वंशों ने किस क्रम में दिल्ली पर शासन किया था? नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

**1. खिलजी** **2. लोदी**

**3. सैयद** **4. गुलाम**

**कूट:**

(a) 1, 2, 4, 3 (b) 1, 2, 3, 4

(c) 2, 3, 4, 1 (d) 4, 1, 3, 2

**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर–(d)**

गुलाम वंश या ममलूक शासकों का शासनकाल 1206 से 1290 ई., खिलजी वंश का शासनकाल 1290 से 1320 ई., सैयद वंश का शासनकाल 1414 से 1451 ई. तथा लोदी वंश का शासनकाल 1451 से 1526 ई. तक था। इस प्रकार अभीष्ट उत्तर विकल्प (d) होगा।

**12. इनमें कौन गुलाम वंश का नहीं था?**

(a) बलबन (b) इल्तुतमिश

(c) कुतुबुद्दीन ऐबक (d) इब्राहिम लोदी

**Uttarakhand Lower Sub. (Pre) 2010**

**उत्तर–(d)**

1206-1290 ई. के मध्य दिल्ली सल्तनत के सुल्तान गुलाम वंश के सुल्तानों के नाम से विख्यात हुए। इस दौरान कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210 ई.), इल्तुतमिश (1211-1236 ई.) तथा बलबन (1266-1286 ई.) जैसे महान शासकों ने शासन किया, जबकि इब्राहिम लोदी, लोदी वंश का शासक था। इसने 1517-1526 ई. तक दिल्ली पर शासन किया। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।



Scanned with OKEN Scanner